# मेक इन इंडिया से महिलाओं को मिला बड़ा रोजगार

**आईफोन फैक्ट्रियों में 1 लाख से ज्यादा महिलाएं काम पर**

**देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार बाजार को बड़ा लाभ मिल**



**नई दिल्ली, 16 मार्च. भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और इसके साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार भारत में आईफोन निर्माण इकाइयों में एक लाख से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं.**

मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि देश की कई इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाइयों में कुल कार्यबल का आधे से अधिक हिस्सा महिलाएं हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किए हैं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है.महिलाएं अब केवल असेंबली लाइन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे जटिल तकनीकी क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं. भारत में बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम का असर उत्पादन और निर्यात दोनों पर दिखाई दे रहा है. खासकर स्मार्टफोन और आईफोन उत्पादन में तेजी आई है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार बाजार को बड़ा लाभ मिल रहा है. भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और इसके साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत में आईफोन निर्माण इकाइयों में एक लाख से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल ने महिलाओं को रोजगार देने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. मंत्री के अनुसार देश की कई इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण इकाइयों में कुल कार्यबल का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महिलाएं हैं. यह केवल सामान्य उत्पादन कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाएं अब सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे तकनीकी और जटिल क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं.

इससे यह संकेत मिलता है कि भारत में तकनीकी उद्योग में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है. भारत में एप्पल के इकोसिस्टम ने भी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

> कंपनी हर साल दुनियाभर में करीब 22 से 23 करोड़ आईफोन का उत्पादन करती है. निर्यात के क्षेत्र में भी स्मार्टफोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है. 2025 में आईफोन भारत से निर्यात होने वाला सबसे मूल्यवान उत्पाद बन गया, जिसका निर्यात लगभग 23 अड्डरब डॉलर रहा. इसके साथ ही पहली बार स्मार्टफोन भारत की सबसे बड़ी निर्यात श्रेणी बनकर उभरे हैं. जनवरी से दिसंबर 2025 के दौरान भारत से स्मार्टफोन का कुल निर्यात लगभग 30.13 अरब डॉलर रहा, जिसमें एप्पल की हिस्सेदारी करीब 76 प्रतिशत बताई गई है.

# कंपनी से मिला 1,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति पत्र

## 5.30 रुपये प्रति यूनिट की दर की बोली के आधार पर यह अनुबंध हासिल किया




**अहमदाबाद, 16 मार्च. निजी क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी अडाणी पावर लि. (एपीएल) ने रविवार को बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि (एमएसईडीसीएल) से 1,600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति का अनुबंध-पत्र (एलओए) प्राप्त हुआहै.**

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वह यह बिजली अपनी कुछ निर्माणाधीन अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजनाओं में एक से देगी. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे एमएसईडीसीएल यह अनुबंध एक काफी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया में सफलता के बाद मिला है, जिसमें कंपनी ने सबसे कम दर पर बिजली देने की बोलीदाता थी. कंपनी ने 5.30 रुपये प्रति यूनिट की दर की बोली के आधार पर यह अनुबंध हासिल किया है. यह एक 25-वर्षीय बिजली आपूर्ति समझौता ( पीएसए) होगा और आपूर्ति 2030-31 से शुरू की जाएगी. एपीएल के सीईओ एबी खियाली ने ने कहा, यह अनुबंध अडाणी पावर की लागत संरचना की प्रतिस्पर्धात्मकता, भरोसेमंद बेसलोड बिजली प्रदान करने की हमारी क्षमता और भारत की बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को दीर्घकालिक साझेदारी के माध्यम से पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. कंपनी कि अडाणी पावर ने अब अपने 23800 मेगवाट की अपनी निर्माणाधीन परियोजनाओं में से 13300 मेगावाट के लिए दीर्घकालिक बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) सुनिश्चित कर लिए हैं.

# डिजिटल पेमेंट कंपनी फोनपे की आईपीओ लिस्टिंग टली

**ग्लोबल अनिश्चितता के बीच निवेशकों की सतर्कता**

**बाजार में उतार-चढ़ाव, फोनपे ने टाला आईपीओ प्लान**




**नई दिल्ली, 16 मार्च. भारत की प्रमुख डिजिटल पेमेंट कंपनी फोनपे ने फिलहाल अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) की प्रक्रिया को टाल दिया है. कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और बाजार में जारी भारी उतार-चढ़ाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है.**

कंपनी का कहना है कि जब तक ग्लोबल कैपिटल मार्केट में स्थिरता नहीं आती, तब तक वह अपनी पब्लिक लिस्टिंग की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाएगी. फोनपे के सीईओ समीर निगम ने कहा कि कंपनी भारत में ही लिस्टिंग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन मौजूदा जियो-पॉलिटिकल तनाव और निवेशकों की सतर्कता को देखते हुए फिलहाल सही समय का इंतजार किया जा रहा है. डिजिटल पेमेंट सेक्टर में तेजी से बढ़ रही इस कंपनी ने 2016 में अपना एप लॉन्च किया था और आज इसके 65 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हैं. कंपनी का नेटवर्क देशभर में 4.7 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट्स तक फैला हुआ है. विशेषज्ञों का मानना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है, जिसका असर बड़ी कंपनियों के आईपीओ प्लान पर भी पड़ रहा है.

भारत की प्रमुख डिजिटल पेमेंट कंपनी फोनपे ने फिलहाल अपनी पब्लिक मार्केट लिस्टिंग यानी आईपीओ की प्रक्रिया को टालने का फैसला किया है.

कंपनी ने सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव और शेयर बाजार में जारी अस्थिरता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. कंपनी के मुताबिक मौजूदा समय में ग्लोबल कैपिटल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो सकता है. ऐसे माहौल में बड़ी वैल्यूएशन वाली कंपनियों के लिए आईपीओ लॉन्च करना जोखिम भरा माना जाता है.

> आज फोनपे केवल पेमेंट एप नहीं है, बल्कि यह कई अन्य क्षेत्रों में भी सेवाएं दे रही है. कंपनी के प्रमुख वर्टिकल में कंज्यूमर पेमेंट्स, मर्चेंट पेमेंट्स, लेंडिंग, इंश्योरेंस डिस्ट्रीब्यूशन, शेयर मार्केट सर्विसेज और म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूशन शामिल हैं. इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में इंडस ऐपस्टोर नाम से एंड्रॉइड आधारित मोबाइल एप मार्केटप्लेस भी लॉन्च किया है. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और निवेशकों के सेंटिमेंट पर असर पड़ा है. ऐसे माहौल में विदेशी निवेशक उभरते बाजारों में निवेश करने से पहले ज्यादा सावधानी बरत रहे हैं.

# थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, 16 मार्च.** तिलहन और खनिजों की कीमतों में भारी उछाल के साथ तंबाकू उत्पादों और बुनियादी धातुओं की कीमतों में वृद्धि से इस साल फरवरी में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 2.13 प्रतिशत पर पहुंच गयी. थोक महंगाई की यह दर पिछले साल मार्च के बाद सबसे अधिक है. मार्च 2025 में यह 2.25 प्रतिशत रही थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 2.19 प्रतिशत रही लेकिन गैर-खाद्य प्राथमिक उत्पादों की महंगाई दर 8.80 प्रतिशत रही. इसमें तिलहनों के दाम एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत और खनिजों के 11 प्रतिशत बढ़ गये.

# सोने-चांदी के दाम लुढ़के, निवेशकों को झटका

**3867 रुपए सस्ता हुआ सोना**

**15508 रुपए नीचे आई चांदी**

**नई दिल्ली, 16 मार्च. सोना और चांदी के दामों में लगातार दूसरे कारोबारी दिन बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,963 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए पर आ गया है. सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,963 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है. इससे पहले 13 मार्च को इसकी कीमत करीब 1.58 लाख रुपए थी. वहीं चांदी भी तेज गिरावट के साथ एक किलो 7,695 रुपए सस्ती होकर 2.53 लाख रुपए पर पहुंच गई है. दरअसल, पिछले दो दिनों में सोना 3,867 रुपए और चांदी 15,508 रुपए तक सस्ती हो चुकी है. बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इसके पीछे सबसे बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है.



> इस साल सोने-चांदी के दामों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. जनवरी में जहां सोना रिकॉर्ड 1.76 लाख रुपए तक पहुंच गया था, वहीं अब इसमें करीब 20 हजार रुपए तक की गिरावट आ चुकी है. ऐसे में विशेषज्ञ फिलहाल निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं. कमोडिटी बाजार में इस समय तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है. इससे पहले 13 मार्च को सोना करीब 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था. चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है. एक किलो चांदी 7,695 रुपए घटकर 2.53 लाख रुपए पर आ गई है. शुक्रवार को इसकी कीमत करीब 2.60 लाख रुपए प्रति किलो थी.

# अडानी के हवाई अड्डों पर ड्यूटी-फ्री खरीददारी पर मिलेंगे इंडिगो ब्लूचिप

**अहमदाबाद, 16 मार्च. प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो और निजी हवाई अड्डा संचालक अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत इंडिगो ब्लूचिप के सदस्य अब अडानी के हवाई अड्डों पर ड्यूटी-फ्री खरीदारी कर रिवॉर्ड कमा सकेंगे.**

साझेदारी के तहत अडानी प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहले से बुक किये गये ड्यूटी-फ्री उत्पादों पर हर 100 रुपये खर्च करने पर पांच इंडिगो ब्लूचिप्स अर्जित कर सकेंगे. यात्री उड़ान भरने से पहले ही ऑनलाइन उत्पादों को आरक्षित कर उसके लिए भुगतान कर सकते हैं तथा गंतव्य हवाई अड्डे पर अपना बुक कराया हुआ सामान लेकर एयरपोर्ट से बाहर निकल सकते हैं.

इंडिगो के मुख्य डिजिटल एवं सूचना अधिकारी नीतन चोपड़ा ने कहा, इंडिगो में हम लगातार अपने लॉयल्टी प्रोग्राम को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं.

अडानी ड्यूटी-फ्री के साथ यह साझेदारी उड़ानों से हटकर भी सार्थक रिवॉर्ड प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है. अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के गैर-विमानन कारोबार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुचित बंसल ने कहा, हम अडानी प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल सर्च, प्री-ऑर्डर की सुविधा और सहज कलेक्शन को एकीकृत कर हवाई अड्डों पर यात्रियों की खरीदारी के अनुभव को बदल रहे हैं.

# फरवरी में माल निर्यात बढ़कर 36.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली, 16 मार्च. इस साल जनवरी की तुलना में फरवरी में माल निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गयी और यह 36.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया. एक महीने पहले यह आंकड़ा 36.56 अरब डॉलर था.**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आयात-निर्यात के आंकड़े जारी किये. इसमें बताया गया है कि माल आयात जनवरी के 71.24 अरब डॉलर से घटकर फरवरी में 63.71 अरब डॉलर रह गया. इस प्रकार व्यापार घाटा एक महीने पहले के 34.68 अरब डॉलर से कम होकर 27.1 अरब डॉलर पर आ गया. चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में फरवरी 2026 तक देश के माल निर्यात में 1.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है. अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक देश का कुल माल निर्यात 402.93 अरब डॉलर रहा. पिछले वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में यह आंकड़ा 395.66 अरब डॉलर था. मंत्रालय ने बताया कि माल और सेवा मिलाकर कुल निर्यात 790.86 अरब डॉलर रहा.

जो सालाना आधार पर 5.79 अरब डॉलर अधिक है. इस अवधि में गैर-पेट्रोलियम निर्यात भी 5.03 प्रतिशत बढ़कर 354.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया. फरवरी 2026 में माल निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तु वर्ग का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा. इनका निर्यात 12.90 फीसदी बढ़कर 10.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात 10.37 प्रतिशत और कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायनों का 6.85 प्रतिशत बढ़ा.

# चावल, चीनी, दालों में तेजी; गेहूं नरम; खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 16 मार्च.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी. चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही. वहीं, गेहूं में गिरावट देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा. आटा भी 22 रुपये उतर गया. दाल-दलहनों में तेजी रही.

चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई. मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही. उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई.

# दिग्गज कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स उछला

**सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त पर**

**निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर**



**मुंबई, 16 मार्च. घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया.**

लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में लौटे हैं. आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में ये बढ़त में चले गये. दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया. बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया. ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में जहां लिवाली हुई, वहीं तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए. सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा. ट्रेंट में तीन प्रतिशत की तेजी रही.

एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक मजबूत हुए. भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडिगो, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत चढ़े. एशियन पेंट्स, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर भी हरे निशान में रहे. बीईएल का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक गिर गया.

# सपा के पीडीए को भेदने का मास्टरस्ट्रोक

**लखनऊ. राजनीतिक पारा चढ़ने के बीच जहां सभी दल चुनावी चौसर बिछाने में जुटे हैं, वहीं मार्च में भाजपा का फोकस संगठन की संरचना पर है. 98 संगठनात्मक जिलों में से चार में अध्यक्ष की घोषणा होनी है, वहीं छह क्षेत्रीय अध्यक्षों पर विरोधी दलों की भी नजर टिकी हुई है.**

सपा के पीडीए को भेदने के लिए भाजपा जातीय समीकरण का पूरा ध्यान रखेगी, लेकिन पार्टी की सुई काशी क्षेत्र के जातीय गणित पर अटकी है, जहां के बाद अन्य क्षेत्रों के समीकरण तय होंगे. इस बार छह में से दो चेहरे ओबीसी व एक अनुसूचित समाज से अध्यक्ष बनाने की चर्चा है. राजनीतिक रूप से सर्वाधिक प्रभावशाली क्षेत्र काशी में कुर्मी समाज के दिलीप पटेल अध्यक्ष हैं. इसी समाज से प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी आते हैं, ऐसे में दो बार क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे पटेल की जगह नया जातीय समीकरण अपनाया जा सकता है. वह कुर्मी समाज से आने वाले तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के कार्यकाल में भी क्षेत्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं. गोरखपुर क्षेत्र में सहजानंद राय क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं, जहां अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी की सहमति और पसंद का ध्यान रखा जाएगा. कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में राम प्रकाश पाल पिछड़ा वर्ग से आते हैं, जहां राजनीतिक उथल पुथल एवं अंदरुनी कलह पार्टी के लिए चुनौती बनी. यहां अब जातीय कार्ड बदलने की चर्चा है. अवध, कानुपर एवं गोरखपुर क्षेत्र में ब्राह्मणों की संख्या ज्यादा है, जिसमें से किसी एक जगह दायित्व मिल सकता है.




# मणिपुर का प्रयोग देश भर में होगा

**इंफाल.** मणिपुर विधानसभा ने एक शानदार प्रयोग किया है. राज्य में विधानसभा का सत्र चल रहा है. नई सरकार के गठन और कुकी जो समुदाय से उप मुख्यमंत्री बनाने के बावजूद अभी हालात सामान्य नहीं हुए हैं. कुकी और मैतेई की विवाद शांत नहीं हुआ है. इस विवाद के बीच विधानसभा में वर्चुअल तरीके से सदस्यों के शामिल होने का बंदोबस्त किया गया.


## मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल

R-23, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, दूरभाष : 0755-2552663
फैक्स : 0755-2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in
Website: https://labour.mp.gov.in/Default.aspx

**अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने के संबंध में शुद्धि पत्र सूचना**

श्रम विभाग, म.प्र. शासन अंतर्गत गठित मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा अनुभवी अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने हेतु पात्र अधिवक्ताओं से दिनांक 16.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक के स्थान पर 18.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक पढ़ा जावे। अधिवक्ताओं हेतु पात्रता की शर्तें एवं अन्य विस्तृत विवरण मण्डल की वेबसाइट www.labour.mp.gov.in पर 'Circular' सेक्शन में उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/124937/2026 — सचिव



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सौसर, जिला पांढुरना (म.प्र.)

Email ID cmosonsar@mpurban.gov.in Phone No. -
NIT No. 338/न.पा.प./2026 — सौसर, दिनांक 16/03/2026

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_491375_1 दि. 16-03-2026 | वार्ड क्र. 08 में झूलेवाली माता मंदिर के सामने स्थित भूमि पर पब्लिक कम सेंसरी पार्क निर्माण कार्य | 12 माह, 2,46,07,369/- | 15,000/- 1,23,100/- | 20-04-2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सौसर



## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2550020

**आधिपत्य सूचना ( स्थावर संपत्ति ) [ परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम-8 ( 1 ) ]**

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 (2) नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था । उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक** 11/03/2026 को ले लिया है । उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के अधीन होगा । उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है ।

| ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम | कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **पद्मा अय्यर** पता: फ्लैट नं. एफ-2, प्रथम तल मधुरम प्लाजा पुलिस गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित प्लाट 1, पुलिस हाउसिंग सोसायटी गेहूखेड़ा बैरागढ़ चीचली कोलार रोड, भोपाल 462042 **जमानतदार : श्री संतोष राव** पता: 78, चाण्क्यपुरी, चूना भट्टी, भोपाल -462016 | बंधक संपत्ति फ्लैट नं. एफ-2, मधुरम प्लाजा, गेहुखेड़ा, पुलिस गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित, कोलार रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल- 813.70 वर्ग फुट, सीमाएँ: पूर्व - प्लाट नं. 13, पश्चिम -कॉरिडोर और फ्लैट नं. एफ-1, उत्तर - फ्लैट नं.एफ-3, दक्षिण - प्लाट नं. 2, सम्पति मालिक : श्रीमती पद्मा अय्यर | ₹ 21,17,294.76 + दिनांक 10.10.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च; नोटिस दिनांक 04-11-2025; कब्जा दिनांक 11-03-2026 |

**वैधानिक सूचना:** ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Noticed**) किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी। दिनांक: 11/03/2026, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 0428000223, आवेदन क्रमांक-10544, आवेदन दिनांक-28/11/2025
क्रमांक 1053 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल — दिनांक: 05/03/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 223 सेक्टर 9/A के श्रीमती सुषमा चौहान पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, के नाम पर आवंटित है. आवंटी का स्वर्गवास दिनांक: 01/10/2023 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्र श्री आलोक कुमार सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, पुत्री श्रीमती रश्मि बी सिंह पत्नी श्री ब्रजपाल सिंह, पुत्री श्रीमती राका सिंह पत्नी श्री युधवीर सिंह, पुत्री श्रीमती रंजना सिंह पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसों की सहमति/ शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है.

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये / दस्तावेजों के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करे. उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण,
भोपाल



**प्रपत्र-'जी'**

**अभिरुचि अभिव्यक्ति(INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST-EOI)हेतु आमंत्रण**

(भारतकेदिवालाएवंशोधनअक्षमताबोर्ड (कॉर्पोरेटव्यक्तियोंकेलिएदिवालासमाधानप्रक्रिया) विनियम, 2016 केविनियम 36A (1) केअंतर्गत)

| क्रं. सं. | विवरण | विवरण जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम (पैन एवं सीआईएन) | **सृष्टि बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड** CINU45200MP2012PTC029268 पैन AASCS0615A |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 189, मैदा मिल रोड, जिंसी स्क्वायर के पास, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462008 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नही |
| 4. | जहां अधिकांश स्थायी संपत्तियां स्थित है | भूमि- जाटखेड़ी, तहसील-हुजूर, भोपाल (मध्य प्रदेश) |
| 5. | मुख्य उत्पाद/सेवाओं की स्थापित क्षमता | लागू नही |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | शुन्य |
| 7. | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | शुन्य |
| 8. | वित्तीय विवरण एवं लेनदारों की सूची | IBBI वेबसाइट पर उपलब्ध अथवा ईमेल द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं: cirp.srasthi@gmail.com |
| 9. | धारा 25(2)(एच) के अंतर्गत पात्रता मानदंड | विस्तृत EOI दस्तावेज़ में उपलब्ध, जिसे ईमेल द्वारा प्राप्त किया जा सकता है |
| 10. | Expression of Interest प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01/04/2026 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अस्थायी सूची जारी करने की तिथि | 01/04/2026 |
| 12. | अस्थायी सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09/04/2026 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 12/04/2026 |
| 14. | सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स एवं RFRP जारी करने की तिथि | 12/04/2026 |
| 15. | रिजोल्यूशन प्लान प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 12/04/2026 |
| 16. | Expression of Interest जमा करने हेतू ईमेल आईडी | cirp.srasthi@gmail.com |

मयूरी डागा
रिजोल्यूशन प्रोफेशनल
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-003/IPA-ICAI-N-00459/2024-2025/14467
पता:194, ओम शिव कॉलोनी, लालघाटी, भोपाल- 462030, मध्य प्रदेश
एएफए मान्य: 31/12/2026

दिनांक :17/03/2026
स्थान : भोपाल